Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to label Geographical Indication of Mithila (GI Tag) on Fox Nuts (Makhana) products in India.

श्री गोपाल जी ठाकुर (**दरभंगा**): महोदय, हम देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी को समस्त मिथिला की तरफ से धन्यवाद देना चाहते हैं, जिन्होंने दरभंगा और सम्पूर्ण मिथिला के मखाना को समझने का काम किया। उन्होंने मखाना के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये पिछले बजट में देने का काम किया।

महोदय, मखाना की उपज मुख्य रूप से सिर्फ मिथिला क्षेत्र में होती है तथा पूरे देश के उत्पादन की लगभग 80 से 90 फीसद उपज मिथिला के इस विशाल क्षेत्र में ही होती है। मखाना मिथिला क्षेत्र की प्रमुख फसल है। इसकी महत्ता को देखते हुए श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में **28** फरवरी, 2002 को मिथिला के केन्द्र दरभंगा में राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की गई थी ताकि मखाना का विकास उच्च स्तर पर हो सके।

महोदय, देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने मिथिला क्षेत्र की इस प्रमुख फसल मखाना की वैश्विक माँग को देखते हुए इसके व्यापार को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की बात कही तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त करते हुए आर्थिक मजबूती प्रदान करने हेतु वोकल फॉर लोकल का आह्वान किया ताकि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिले।

महोदय, मखाना मिथिला व **8** करोड़ मिथिलावासियों की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। अत: आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि मखाना का जीआई टैग मिथिला मखाना के नाम से किया जाए ताकि मिथिला क्षेत्र की संस्कृति और पहचान बनी रहे। बहुत-बहुत धन्यवाद।